# आसनसोल लोस : अब भाजपा और तृणमूल एक बार फिर कर रहे हैं एक-दूसरे पर राजनीतिक 'वार'

**आसनसोल ।** आसनसोल नॉर्थ सेंटर चुनाव स्मरणोत्सव तृणमूल को और अधिक सक्रि य होना होगा। हालांकि, पार्टी नेतृत्व को उम्मीद है कि राज्य के मंत्री मलय घटक 2022 के उपचुनाव की तरह उन्हें आगे रखेंगे। गेरुआ खेमा एक बार फिर 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजे दोहराने की उम्मीद कर रहा है। इस आसनसोल उत्तर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का गठन 2011 में सीमांकन के बाद किया गया था। राज्य में विधानसभा चुनाव तृणमूल ने कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ा था। इस केंद्र से तृणमूल उम्मीदवार मलय घटक जीते और मंत्री बने। अगले दो विधानसभा चुनावों में उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी। आसनसोल नगर निगम के इस केंद्र में 32 वार्ड हैं। इनमें से 27 पर तृणमूल का कब्जा है। लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सारे आंकड़े उलट दिये। दो बार तो तृणमूल भाजपा से पिछड़ गई। 2014 के चुनावों में तृणमूल के भाजपा से लगभग 25,000 वोटों से पिछड़ने के बाद, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मलय को राज्य मंत्रिमंडल से हटा दिया। हालाँकि, कुछ महीनों के बाद, मलय को मंत्रालय वापस मिल गया। लेकिन 2019 के चुनाव में भी तृणमूल लगभग 21,000 वोटों से पिछड़ रही है, हालांकि पिछले उपचुनाव में तृणमूल अच्छे अंतर से आगे थी, लेकिन इस बार पार्टी के नेता कोई ढिलाई नहीं बरत रहे हैं। मंत्री लगातार कार्यकर्ता बैठकों और रोड मीटिंगों से पैदल मार्च कर रहे हैं। तृणमूल सूत्रों का दावा है,जिस दिन ममता ने शत्रुघ्न को आसनसोल से उम्मीदवार बनाया, उस दिन कालीघाट में पार्टी के जिला नेताओं के साथ बैठक में तृणमूल नेता ने कहा कि



आसनसोल की सात विधानसभाओं से 'लीड' दी जानी चाहिए। रेलपार के अल्पसंख्यक वोट पर सभी दलों की नजर है। पिछले उपचुनाव के नतीजों को देखते हुए तृणमूल इस बात को लेकर संशय में है कि वोट कितना अनुकूल है। क्योंकि वहां के छह में से चार वार्ड तृणमूल खो दिए हैं। दो पर बीजेपी और दो पर कांग्रेस का कब्जा है। इस बार इस केंद्र में कांग्रेस के समर्थन से लेफ्ट का उम्मीदवार है। जिला तृणमूल नेतृत्व को डर है कि अगर उन्हें यहां से अच्छे वोट मिले तो पार्टी मुश्कि ल में पड़ जायेगी। 2021 के विधानसभा चुनाव में तृणमूल को बीजेपी से करीब 11 फीसदी ज्यादा वोट मिले। पार्टी सूत्रों का दावा है कि यह अभियान मुख्य रूप से क्षेत्र के विकास को कायम रखने के लिए चलाया जा रहा है। मंत्री आईटी हब, यूनिवर्सिटी, जिला श्रम भवन, जिला कोर्ट, जिला अस्पताल को ध्यान में रखकर 32 वार्डों में प्रचार कर रहे हैं। तृणमूल जिला अध्यक्ष नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती ने कहा, ''पार्टी के मजबूत नेता इस क्षेत्र के विधायक हैं। उनके नेतृत्व में इस बार हमें बढ़त मिलेगी।'' हालांकि पिछले दो लोकसभा चुनावों में बीजेपी इस केंद्र में बड़े अंतर से आगे रही थी, लेकिन इस बार स्थिति इतनी आसान नहीं है, पार्टी के जिला नेतृत्व ने निजी तौर पर यह जानकारी दी है। पिछले विधानसभा मतदान दर का घाव अभी तक पूरी तरह भरा नहीं है। लेकिन पार्टी के जिला अध्यक्ष बप्पा चटर्जी का दावा है, ''रेलपार क्षेत्र में अविकिसतता और गारु ई नदी की आपदा इलाके में बड़े सवाल हैं.'' ऊपर से राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार को औजार बनाकर इस बार फिर इस केंद्र में नेतृत्व हासिल करूंगा। बप्पा ने यह भी दावा किया कि पिछले विधानसभा और उपचुनावों में तृणमूल ने लोगों को बूथों पर जाने नहीं दिया था। इस बार ऐसा नहीं हो रहा है। वामपंथी उम्मीदवार जहांआरा खान ने भी इलाके में जोरदार प्रचार किया। सीपीएम नेतृत्व को इस बार यहां अच्छे वोट मिलने की उम्मीद है। हालांकि, बीजेपी की उम्मीद यह है कि वाम उम्मीदवार तृणमूल वोट बैंक में अपनी पकड़ बना रहे हैं। जिससे उनके घरों में इसका लाभ बढ़ेगा। कौन सा नंबर काम आया, यह 4 जून को पता चलेगा।

## मैथन एलॉयज लिमिटेड ने स्पांदीत बैडमिंटन खिलाड़ी ने जीता कांस्य पदक



**आसनसोल।** मैथन एलॉयज लिमिटेड द्वारा स्पंदित बैडमिंटन खिलाड़ी मिस अन्नान्या प्रवीण ने जीता कांस्य पदक। मैथन एलॉयज लिमिटेड के सीएमडी सुभाष अग्रवाला ने बताया कि 7 अप्रैल से 13 अप्रैल 2024 के बीच बेंगलुरु में आयोजित ऑल इंडिया सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंट में मैथन एलॉयज लिमिटेड द्वारा स्पंदित बैडमिंटन खिलाड़ी मिस अन्नान्या प्रवीण ने महिला डबल्स में कांस्य पदक जीता है। महिला डबल्स में कांस्य पदक के जीत पर सुभाष अग्रवाला ने हर्ष व्यक्त करते हुऐ कहा कि मिस अन्नान्या प्रवीण ने अपनी कड़ी मेहनत के बदौलत कांस्य पदक जीत कर भारत में अपना परचम लहराया है। सुभाष अग्रवाला ने मिस अन्नान्या प्रवीण को शुभकामनाएँ दी और ईश्वर से उनकी उज्वल भविष्य की कामना की ।

## टीचर्स एसोसिएशन ने जिला टॉपर को किया सम्मानित

**आसनसोल ।** पश्चिम बंगाल तृणमूल सेकेंडरी टीचर्स एसोसिएशन ने जिला टॉपर को किया सम्मानित। वहीं आसनसोल चेलीडंगा हाई स्कूल का अनुज लुईदत्त पश्चिम बर्दवान जिले का टॉपर है। शुक्र वार उसे पश्चिम बंगाल तृणमूल सेकेंडरी टीचर्स एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजीव मुखर्जी, गांधी प्रसाद नोनिया, अतनु दत्ता, उदास चटर्जी, राजेश पासी, हाराधन राय स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक गण उपस्थित थे। गौरतलब है कि अनुज साधारण परिवार से है उसके पिता जितेन लुईदत्त आसनसोल नगर निगम के अस्थाई कर्मचारी हैं जो रवींद्र भवन में कार्यरत हैं।

## 7 साल बाद भी सेल डिप्लोमा के अभियंताओं को नहीं मिला जूनियर इंजीनियर का पदनाम, अभियंताओं में निराशा

**आसनसोल/दुर्गापुर ।** सेल में कार्यरत तकरीबन 8000 डिप्लोमा अभियंता आज भी दिनांक 1 मई 2017 को जारी हुए इस्पात मंत्रालय के आदेश के पारित होने का इंतज़ार कर रहे हैं। जिसमे डिप्लोमा अभियन्ताओं को जूनियर इंजीनियर पदनाम देने का प्रस्ताव था। डिप्लोमा इंजिनीयर्स फेडरेशन ऑफ इस्पात (डेफि) के अध्यक्ष श्री नरेन्द्र नाथ दास ने इस मुद्दे पर कहा की प्लांट में कार्यरत डिप्लोमा अभियन्ताओं के प्रति मैनेजमेंट की संवेदनशीलता के अभाव के कारण जूनियर इंजीनियर पदनाम नही लागू हो सका। हम इस मुद्दे को लेकर प्रयासरत है।₹ डेफि के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेश शर्मा ने इस मुद्दे पर कहा-₹पदनाम के मुद्दे पर मैनेजमेंट की बेरुखी एवं उदासीनता डिप्लोमा इंजीनियर वर्ग के मनोबल एवं कार्यक्षमता पर बुरा असर डाल रही है जो कंपनी हित में भी नहीं है क्योंकि यह मुद्दा डिप्लोमा इंजीनियर के सामाजिक सम्मान से भी जुड़ा हुआ है।₹ डेफि के महासचिव श्री नंद किशोर घोष बैराग्य ने कहा कि ₹निवर्तमान सरकार द्वारा इस मुद्दे को सही मानते हुए भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय ने पदनाम देने की अनुसंशा की थी।अभी तक पदनाम के मुद्दे के निराकरण नही हो पाने पर चुनाव बाद इसपर नई सरकार से इस बाबत अनुरोध किया जाएगा।₹ डेफि के कोषाध्यक्ष श्री लब कुमार मन्ना ने इस मुद्दे पर कहा कि ₹डिप्लोमा अभियंताओं में इस मुद्दे पर नाराजगी है, डिप्लोमा अभियांन्तो के पदनाम के डीग्रेडेशन एक गंभीर मुद्दा है जिसे शीघ्र ही सुलझाना चाहिए।₹ डेफि के सहायक महासचिव श्री संदीप कुमार ने बताया कि *₹आज 7 वर्ष बीत जाने के बाद भी सेल में कार्यरत डिप्लोमाहोल्डर अपने सम्मान की लडाई लड रहा है और निरंतर अपने परिश्रम से हरेक यूनिट में उत्पादन एवं उत्पादकता के क्षेत्र में बढ चढ कर योगदान कर रहा है। लेकिन अभी तक हमें जूनियर इंजीनियर पदनाम नही मिल पाना प्रबंधन के उदासीन रवैया को दिखाता है। अब सात वर्ष बीतने के बाद भी प्रबंधन को जल्द के जल्द इस्पात मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए अनुशंसा को लागू करना चाहिए।₹ डेफि के सचिव जनसंपर्क गौरव शर्मा ने बताया कि ₹इस मुद्दे पर मैनेजमेंट तथा यूनियंस से डेफि द्वारा कई बार बात की गई है।इस मुद्दे पर नॉमिनेशन एंड रेमुनेरशन कमेटी में भी बात उठ चुकी है तथा सब कमिटी में कई दौर की मीटिंग हो चुकी है।इस बाबत कई बार इस्पात मंत्रियों तथा अन्य संबंधित मंत्रियों तथा इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों के सामने भी इस मुद्दे को अविलम्भ पारित करने को निवेदन किया गया है।यह एक नॉन फाइनेंसियल मुद्दा है जिसका निस्तारण शीघ्र अति शीघ्र किया जाना चाहिए।अन्य संस्थानों में डिप्लोमा अभियंता जूनियर इंजीनियर पदनाम पर सुपरवाइजर कैडर में काम करते हैं।परंतु सेल में डिप्लोमा अभियंता मज़दूर कैडर में जॉइन कर मज़दूर कैडर में ही रिटायर कर जाते हैं।

## रेलपार से लापता बच्चा पहुंचा तमिलनाडु उपमेयर के प्रयास से मिला परिजनों को



**आसनसोल ।** आसनसोल नगर निगम के उपमेयर वशीमुल हक की कोशिश से बाबू तालाब इलाके का रहने वाला एक लापता बच्चा फिर अपने परिवार से मिल सका। घटना के बारे में जानकारी देते हुए वशीमुल हक ने बताया कि इस साल 26 जनवरी के दिन बाबू तालाब इलाके के रहने वाले रेहान के बेटे अयान हैदराबाद में अपने मामा के घर गया था। लेकिन वहां पर वह गुम हो गया था। इसके बाद उस बच्चे की तलाश की कोशिश की गई। लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चल पाया। परसों उस बच्चे के एक रिश्तेदार जो कि कोलकाता में रहते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि तमिलनाडु की पुलिस एक लापता बच्चों को लेकर कोलकाता के होम आई है। बच्चे से पूछताछ में वह खुद को बाबू तालाब इलाके का रहने वाला बता रहा है। इसके बाद आसनसोल से उस बच्चे के बारे में पूरी जानकारी लेने के बाद यहां से उनके रिश्तेदारों को पूरे दस्तावेज के साथ कोलकाता भेजा गया। जब देखा गया कि यह वही बच्चा है तो कोलकाता के होम द्वारा उस बच्चे को उनके मां-बाप के हवाले कर दिया गया।उन्होंने कहा कि इस बच्चे को तलाश करने में स्थानीय टीएमसी कार्यकर्ताओं और प्रशासन की तरफ से भी पूरा सहयोग किया गया। यह बड़ी खुशी की बात है कि आज एक लापता बच्चा अपने माता-पिता के पास आ गया है। वही बच्चों की मां ने उनके खोए हुए बच्चे को तलाश करने के लिए वशीमुल हक को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वाशीमुल हक के प्रेणना और सहयोग से इतना कुछ सम्भव हो पाया है।

## तृणमूल कांग्रेस पर लगा आसनसोल लोस प्रत्याशी के पोस्टर-बैनर फाड़ने का आरोप



**आसनसोल।** आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया की घोषणा के बाद उनके समर्थकों ने आसनसोल में विभिन्न स्थानों पर भित्तिचित्र, बैनर और पोस्टर लगाए। इसी तरह, आसनसोल दक्षिण विधानसभा के एगरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा उम्मीदवार सुरेंद्र सिंह अहलूवालिया के बैनर और पोस्टर लगाए गए। भाजपा युवा नेता अभिक कुमार मंडल ने शिकायत की कि बैनर जानबुझ कर तृणमूल के लोगों ने फाडे है द्य उनका कहना है की इतने बैनर लगने कि खबर फैलते ही उपद्रवियों ने अचानक पोस्टर-बैनर फाड़ दिए द्य बैनर फाडने कि खबर पा कर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक जुट गए। उधर, रानीगंज के एगरा पंचायत क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशि के बैनर-पोस्टर फाड़े जाने को लेकर रानीगंज थाने में शिकायत दर्ज करायी गयी है द्यरानीगंज थाना पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है द्य फिलहाल पोस्टर बैनर फाडे जाने को लकर रानीगंज की राजनीति पारा हाई है।

## पीएम मोदी के आगमन पर जिला भाजपा लीगल सेल ने की चुनावी बैठक



**आसनसोल।** शुक्र वार सुबह आसनसोल जिला भाजपा लीगल सेल ने आसनसोल कोर्ट मोड के स्थित निर्वाचन कार्यालय में लोकसभा प्रत्यासी के समर्थन देश के तेजस्वी प्रधानमंत्री का 7 मई को होने वाले चुनावी सभा को लेकर अहम बैठक की गयी। उक्त बैठक में आसनसोल लोकसभा के सात विधानसभा में आसनसोल भाजपा लीगल सेल के महिला, पुरु ष, आसनसोल जिला कोर्ट के अधिवक्ता अन्य उपस्थित थे। आसनसोल भाजपा लीगल सेल के कन्वेनर बाबू घटक ने कहा इस चुनाव में लीगल सेल भाजपा कर्मियों के साथ हाथ से हाथ मिलकर कार्य कर रहा है। हमारे आसनसोल लोकसभा के भाजपा प्रत्यशी सह अधिवक्ता एस एस अहलूवालिया के समर्थन में थाना के हिसाब से चुनाव में लीगल सेल कार्य करेगा। आसनसोल जिला भाजपा लीगल सेल के को कन्वेनर विनोद सिंह सोलंकी ने कहा आसनसोल लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अहलूवालिया को आसनसोल सीट से जितना है और मोदीजी को कमल का उपहार देने है। प्रधानमंत्री के सभा को लेकर लीगल सेल का महत्वपूर्ण कार्य है। भाजपा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में 7 मई को होने वाले सभा को कानूनी रूप से चुनाव आयोग से आवेदन लेना है। मौके पर महिला अधिवक्ता बरणाली घटक, सपना मंडल, रीना बेनर्जी,पूजा संघका, सरिता चौवाहन, अधिवक्ता सुजीत (घोखन) मुखर्जी,अधिवक्ता सुबोध बावरी,अधिवक्ता अनिमेष सिंह,अधिवक्ता गौतम दास, अधिवक्ता प्रमोद भक्त, अधिवक्ता अभिताभ बेनर्जी, अधिवक्ता रमाकांत गिरी, अधिवक्ता बीरेंद्र सिंह, अधिवक्ता ओकरा सरण शर्मा, अधिवक्ता सुमन चक्र वती के साथ काफी संख्या में अधिवक्ता सहित सहायक मीडिया प्रभारी सह कुल्टी विधानसभा के उपाध्यक्ष टिंकु वर्मा उपस्थित थे।

## सिख युवक की पिटाई को लेकर डीएम सीपी व मेयर को पत्र

**आसनसोल ।** बर्नपुर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के सचिव सुरेंद्र सिंह अतु ने बीते दिनों आसनसोल नगर निगम के गेट के समक्ष एक सिख टोटो चालक शिन सिंह पर हमला कर उनकी पिटाई करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मेयर विधान उपाध्याय, पुलिस आयुक्त तथा जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि पगड़ी सिखों के मान सम्मान की पहचान होती है। बीते दिनों नगर निगम के सामने एक सिख टोटो चालक की कुछ असामाजिक तत्वों ने बेरहमी से पिटाई कर उनकी पगड़ी खोल दिया। इसे जिले के तमाम सिख समाज की भावनाएं आहत हुयी है। आसनसोल दक्षिण थाना के कांड संख्या 134/ 2024 में उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। जिला प्रशासन के तमाम आला अधिकारियों से उनकी मांग है कि सिखो की भावनाओं को आहत करने वाले असामिजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पूर्ण आवृत्ति न हो सके। उन्होंने कहा कि उनका पूरा समर्थन सनी सिंह के साथ है। प्रशासन से उनकी मांग है कि आरोपियों के खिलाफ सक्त कार्रवाई की जाये। उन्होंने कहा कि आसनसोल नगर निगम के गेट के पास सड़क जाम की स्थिति इस कदर हो चुकी है कि लोगों को पैदल जाने में भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

## नगर निगम का अस्थाई कर्मी का बेटा जिला टापर, जिले में 79.65 प्रतिशत सफलता



**आसनसोल ।** राज्य माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दसवीं के परिणाम गुरु वार को घोषित कर दिया गया। पश्चिम बर्द्धमान जिले में 79.65 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए। जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है। हालांकि इस बार भी जिले से किसी विद्यार्थी को राज्य के शीर्ष दस मेधा तालिका में जगह नहीं मिल पाई है। जिले से कुल 12143 छात्र तथा 14526 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। इसमें से 12141 छात्र तथा 14524 छात्राओं ने परीक्षा दी थी। छात्रों में 81.49 प्रतिशत तथा छात्राओं में 77.82 प्रतिशत सफल हुए। आसनसोल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आसनसोल चेलीडांगा हाई स्कूल से कुल 115 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इसमें 97 सफल हुए। अनुज लुई दत्ता को 678 अंक प्राप्त हुए। जो जिले के संभावित टापर भी हैं। सौमिक भट्टाचार्या 665, प्रियम मुखर्जी 621 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। आर्य समाज संचालित स्कूलों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। आर्य कन्याउच्च विद्यालय का परिणाम 98.16 प्रतिशत रहा। यहां से कुल 109 छात्राओं ने परीक्षा दी थी और 107 सफल हुईं। 12 प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई। प्रिया कुमारी 512 अंकों के साथ स्कूल टापर रही। शिफत खानम 499 तथा जबा कुमार बरनवाल 465 अंकों के साथ क्र मशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रही। स्कूल की प्रधानाध्यापिका उर्मिला ठाकुर ने छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। डीएवी हायर सेकेंडरी स्कूल के 177 में 176 परीक्षार्थी सफल हुए। गणेश कुमार झा 586 अंकों के साथ स्कूल टापर रहे। कार्तिक झा 581 तथा मनदीप कुमार महतो 542 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानाध्यापक यूके सिंह ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिया। वहीं दयानंद विद्यालय से कुल 104 ने परीक्षा दी थी। इसमें सभी सफल हुए स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। 16 प्रथम श्रेणी से सफल हुए। स्कूल टापर क्र मशः एकलव्य शर्मा 604, तन्मय राउत 541 और सागर मिश्रा 516 अंकों के साथ हुए। आर्य समाज के प्रादेशिक प्रधान सह तीनों स्कूल के सचिव जगदीश प्रसाद केडिया ने सभी को बधाई दी। संत मेरी गोरेट्टी गर्ल्स हाई स्कूल का परिणाम भीबेहतर रहा। यहां से कुल 521 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, इसमें 484 सफल हुई स्कूल परिणाम 93 प्रतिशत रहा। स्कूल की शिक्षिका प्रभारी सिस्टर मोनिका ने बताया कि उज्मा इरशाद 606 अंकों के साथ टापर हुई। कृति कुमारी गुप्ता 560 तथा अनिता कुमारी बरनवाल 540 अंकों के साथ क्र मशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीजोहरमल जालान इंस्टीट्यूशन स्कूल से कुल 45 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, इसमें 28 सफल हुए। आकाश थापा 355 अंकों के साथ स्कूल टापर रहे। संत जोसेफ स्कूल के 164 में 157 परीक्षार्थी सफल हुए। 569 अंकों के साथ प्रत्युष कुमार रजक, पीयूष बरनवाल 535 तथा जीत प्रसाद गुप्ता 511 अंकों के साथ टापर रहें। पश्चिम बर्द्धमान जिले में अनुज लुई दत्ता आसनसोल चेलीडांगा हाई स्कूल 678, अनीक सेनगुप्ता आसनसोल रामकृष्ण मिशन 676,मनामी मंडल आसनसोल यूजीएमके गर्ल्स हाई स्कूल 674,,सायन मित्रा रानीगंज हाई स्कूल 673,सौजात्य मंडल आसनसोल रामकृष्ण मिशन 672,,अवीक मुखर्जी आसनसोल रामकृष्ण मिशन 670, सबुज मुखोपाध्याय आसनसोल रामकृष्ण मिशन 667, अर्पण माजी आसनसोल रामकृष्ण मिशन 666, साग्निक दे उखड़ा कुंज बिहारी इंस्टीट्यूशन 666, सौमिक भट्टाचार्जी आसनसोल चेलीडांगा हाई स्कूल 665, रौनिक माजी कुल्टी हाई स्कूल 665, श्यामाश्री ओझा कुल्टी गर्ल्स हाई स्कूल 665अन्वेषा माजी आसनसोल यूजीएमके गर्ल्स हाई स्कूल 664 जिले के टापर हैं।

# माध्यमिक परीक्षा 2024 : उखड़ा आदर्श हिंदी हाई स्कूल एचएस से 481 विद्यार्थी हुए उतीर्ण

**उखड़ा।** इस वर्ष के माध्यमिक परीक्षा में उखड़ा आदर्श हिंदी हाई स्कूल एच एस स्कूल के कुल 566 छात्र- छात्राएं ने परीक्षा दिया था जिसमें 481 छात्र-छात्रा पास हुए है 23 छात्र छात्राएं स्कूल में प्रथम स्थान पाया है स्कूल का रिजल्ट 85% हुआ है इस स्कूल में श्रेया शाह ने 625 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पायी है स्नेह लता सेठ ने 554 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान पायी है कृष्ण प्रसाद ने 521 नंबर प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया है इसके अलावा आशा बरनवाल 514 प्राची थापा 500 साहिल कुमार गुप्ता 492 शुभम बरनवाल 491 अंकित प्रसाद 490 अंशु प्रसाद 487 खुशबू कुमारी 474 अंक प्राप्त कर टॉप 10 में अपना स्थान ग्रहण किया है। उखड़ा आदर्श हिंदी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार सिंह स्कूल के शिक्षक साहिवाल सेन गुप्ता चंदन विश्वकर्मा अमरेश सिंह मैं अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं प्रमाण पत्र देखे सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान अध्यापक प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि हमारे स्कूल के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में चाहे वह पढ़ाई लिखाई हो या खेलकूद या अन्य प्रतियोगिता सभी में बेहतर प्रदर्शन करते हैं हमारे स्कूल के विद्यार्थियों पर मुझे बहुत गर्व है आने वाले समय में हमारे छात्र छात्राएं अच्छा प्रदर्शन करें यही मैं ईश्वर से कामना करता हूं। उखड़ा नेहरू विद्यापीठ हाई स्कूल एच एस स्कूल में कल 55 छात्रों ने परीक्षा दिया था जिसमें 45 छात्र पास हुए हैं स्कूल का रिजल्ट 80% हुआ है इस स्कूल में लिपुणी साहू 499 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम हुई है अनुज महतो 483 अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया है मोहम्मद रेहान 404 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया है इसके अलावा अविनाश सिन्हा ने 380 चौथा स्थान एवं शिभम कुमार ने 303 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान पाया है इस स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार भारती ने कहा कि हमारे स्कूल के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उनके आगामी भविष्य के लिए आशीर्वाद एवं ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।

## वर्तमान में संविधान व लोकतंत्र को खतरे में डालने की हो रही भरपूर कोशिश : सुरेन जालान



**आसनसोल ।** बड़े दुःख की बात है, स्वर्ग जैसे भारतवर्ष में कांग्रेस के उच्चस्तरीय नेता एवं पेशे से अधिवक्ता एवं उनकी भतीजी द्वारा उत्तर प्रदेश में जो उनके द्वारा अपना वक्तव्य रखा गया। हमारे अल्पसंख्यक भाइयों और बहनों के लिए। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि जो अल्पसंख्यक भाई बहन बीजेपी के साथ है। उनका हुक्का पानी बंद कर देना चाहिए। सामाजिक वोट जिहाद के नाम पर। क्या हमारे भारतवर्ष में धार्मिक जिहाद बोलकर कोई वक्तव्य दे सकता है। इतना बड़ा विश्व लोकतांत्रिक देश उसमें इस तरह का वक्तव्य यह पूरा का पूरा देश विरोधी, संविधान विरोधी, कानून विरोधी है एवं भारत के अखंडता के लिए कुविचार है। उक्त बातें राष्ट्र प्रेमी सुरेन जालान ने कही। उन्होंने कहा कि इन सभी विचारों के सामने आने पर इंडिया गठबंधन के साथियों के बारे में भी विचार करना आवश्यक हो गया है एवं देशहित के बारे में न सोचकर ये केवल पारिवारिक हित एवं राजनीतिक हित के लिए ही लड़ रहे हैं। वर्तमान में संविधान एवं लोकतंत्र को खतरे में डालने की भरपूर कोशिश की जा रही है। खुशीद आलम एवं उनकी भतीजी के जो मन में था। वह उनके मुख से स्वयं बाहर आ चुका है। पहले की कांग्रेस सरकार में और वतर्मान की कांग्रेस में फर्क देखिए। पहले की कांग्रेस सरकार में सरदार वल्लभभाई पटेल, महात्मा गांधी एवं भरपूर राष्ट्रवादी नेता थे। आज के कांग्रेस सरकार में 80 से दशक पार किये हुआ मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेता एवं देशहित के लिए न समझ एवं पद की लालसा रखने वाले को अध्यक्ष बनाकर परिवारवाद, भरपूर देश विरोधी एवं उनके द्वारा वक्तव्य दिलवाकर इंडिया गठबंधन को जीवित रखना चाहते हैं। इनके गठबंधन में इनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई लगाम ही नहीं है।

# वोट जिहाद पर इंडी गठबंधन चुप, जीत के लिए नहीं देश को बांटने के लिए लड़ रहे चुनाव : मोदी



बदर्वान । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बर्धमान के तालित में बर्धमान दुर्गापुर लोकसभा के उम्मीदवार दिलीप घोष और बर्धमान पूर्व के उम्मीदवार अशिम कुमार सरकार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया वहीं तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर के विवादित बयान को लेकर भी प्रधानमंत्री ने सरकार पर निशाना साधा । उन्होंने एक साथ कांग्रेस वाम और तृणमूल तथा इंडि गठबंधन को निशाने पर लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मेरा व्यक्तिगत कुछ नहीं है मेरा भारत मेरा परिवार है 140 करोड़ देशवासी ही मेरे अपने हैं मैं उनके लिए काम करता हूं। इसलिए आज देश के लोग मुझे प्यार कर रहे हैं जो वाम कांग्रेस और तृणमूल को खटक रहा है। देश की जनता तय कर चुकी है कि केंद्र की सत्ता में किसे लाना है। कांग्रेस का तो इस बार पिछले बार से भी बुरा हश्र होने वाला है क्योंकि वह पिछले बार से भी कम सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। इंडिकेटर बंधन के नेता वोट बिहार की बात करते हैं जिहाद का मतलब क्या होता है यह देश भली भांति जानता है लेकिन इंडि गठबंधन इसे लेकर चुप है जो इशारा कर रहा है कि वह लोग वोट जिहाद के पक्ष में हैं पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन कह रही है कि वह लोग सत्ता में आएंगे तो आरक्षण को खत्म कर अपने वोट बैंक के लिए कुछ विशेष लोगों को धर्म के आधार पर आरक्षण देंगे इसके लिए वह लोग संविधान में बदलाव करना चाहते है इसकी शुरुआत उन लोगों ने कर्नाटक से कर भी दी है लेकिन जब तक मोदी है या पाप नहीं होने देंगे। यह लोग जनता के घरों में एक-रे लगाना चाहते हैं जनता की कमाई हुई संपत्ति को अपने वोट बैंक में बांटने की बात करते हैं। इनके करतूत का जवाब आप अपने वोट से दीजिए। प्रधानमंत्री ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से कहा कि शिक्षक नियुक्ति घोटाले में जिन योग शिक्षकों की नौकरी गई है उनके कानूनी मदद के लिए एक सेल का गठन करें। उनकी कानूनी सहायता करेगा ताकि जो जो नौकरी पाने के योग हैं जिन्होंने सही तरीके से नौकरी पाई थी उनकी नौकरी न जाए।

## हिंदू के ऊपर प्रहार हो रहा है। इसकी रक्षा करने के लिए स्वयं को मजबूत बनाना होगा : अर्जुन

**रानीगंज ।** रानीगंज श्री सीतारामजी भवन मैं जन जागरण मंच की ओर से आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय कानून न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल के विकास के लिए सबसे बड़ी जरूरत है कि इस दलदल से आप लोगों को निकालना होगा क्योंकि वतर्मान तृणमूल कांग्रेस की सरकार किसी भी तरह से विकास की राह पर नहीं है। आज पश्चिम बंगाल में जिस रूप से विशेष कर हिंदू के ऊपर प्रहार हो रहा है। इसकी रक्षा करने के लिए स्वयं को मजबूत बनाना होगा । इसके लिए संवैधानिक नियम है्। पश्चिम बंगाल में बीजेपी की संभावनाएं हैं और यहां के लोग परिवर्तन चाहते हैं। हम लोगों का चुनाव घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया गया है कि भारत को विकसित बनाने के लिए समय अनुकूल परिवर्तन करनी होगी । डिजिटल युग है इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता। इस पर भी हम लोग विशेष रूप से इंगित किया है। हम लोगों का प्रयास है। प्रत्येक व्यक्ति आत्मनिर्भर हो। उन्होंने रानीगंज में नवनिर्मित श्याम मंदिर का दर्शन किया और पूजा अर्चना के उपरांत कहा कि यह सब वातावरण इस बात को प्रमाणित करता है कि यह क्षेत्र भी हिंदू का क्षेत्र है। विधायक अजय पोद्दार,विश्व हिंदू परिषद रानीगंज शाखा के अध्यक्ष मनोज शराफ, विमल सराफ, विष्णु शराफ, विनोद बंसल , राजेश, रवि केसरी प्रमुख उपस्थित थे।

## चैंबर ऑफ़ कॉमर्स व अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर




**रानीगंज।** रक्तदान महादान है रक्त देकर किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है उक्त बातें चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एवं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के संयुक्त तत्वाधान में चेंबर के हाल में रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए विधायक तापस बनजी ने कहा। उन्होंने कहा कि गमी के मौसम में ब्लड बैंक में रक्त की कमी रहती है ऐसे वक्त में हमें रक्तदान शिविर का आयोजन कर-के और रक्त संग्रह करना चाहिए एवं ब्लड बैंक को रक्त देना चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर किसी की जान बचाई जा सके। इस मौके पर उन्होंने रक्तदान करने वाले लोगो को बैच पहनकर सम्मानित किया एवं उनका हौसला अफजाई किया। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष रोहित खेतान ने कहा कि रक्तदान में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है एवं धीरे-धीरे हम लोगों का प्रयास है कि जो लोग रक्तदान देने से डरते हैं उनके मन का डर भी निकाल कर उन्हें समाज सेवा करने का अवसर दें एवं आने वाले दिनों में उन्हें भी रक्तदान करने को प्रेरित कर सके। इस मौके पर युवा समाजसेवी अंकुर केडिया ने कहा कि रक्त देकर मुझे बहुत अच्छा लगा इस तरह के सामाजिक कामों में सभी लोगों को योगदान देने की जरूरत है। आसनसोल जिला ब्लड डोनर संगठन के प्रमुख प्रवीण धर ने कहा कि रक्तदान आंदोलन को मजबूत करना होगा विभिन्न तरह के वैवाहिक सामाजिक कार्यक्रमों में भी रक्तदान का आयोजन करना जरूरी हो गया है। रक्त का संग्रह आसनसोल जिला ब्लड डोनर की तरफ से किया गया। चेंबर के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद खेतान, पूर्व अध्यक्ष अरुण भारतीया, समाजसेवीका वाणी खेतान, रूबी गढ़वाल उपस्थित थीं।

## टीएमसी प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में सभा



**रानीगंज । आसनसोल** लोकसभा केंद्र से टीएमसी प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में राजा बांध मिर्ज़ा ग़ालिब कम्युनिटी हॉल में एक कमी सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में टीएमसी प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा,रानीगंज टाउन टीएमसी अध्यक्ष रूपेश यादव,साधन सिंह,सौमित्र बनजी,वार्ड पार्षद अख्तरी खातून,महिला अध्यक्ष नेहा साव,पूर्व पार्षद हिना खातून सहित क्षेत्र के टीएमसी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे।

## कोचुवेली और बरौनी जंक्शन के बीच चलेगी साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन

**आसनसोल।** गमी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने कोचुवेली और बरौनी जंक्शन के बीच ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। 06091 कोचुवेली-बरौनी जंक्शन साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल दिनांक 04.05.2024 और 29.06.2024 के बीच प्रत्येक शनिवार को (09 ट्रिप) कोचुवेली से 08:00 बजे प्रस्थान करेगी और यात्रा के तीसरे दिन 14:30 बजे बरौनी जंक्शन पहुंचेगी तथा 06092 बरौनी जंक्शन-कोचुवेली साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन स्पेशल दिनांक 07.05.2024 और 02.07.2024 के बीच प्रत्येक मंगलवार को (09 ट्रिप) बरौनी जंक्शन से 23:30 बजे प्रस्थान करेगी ।

## दो बिजली के खंभा में लगी आग

**रानीगंज।** पिछले दो दिनों में रानीगंज शहर के एनएसबी रोड के एक खंभा में दूसरी और गिरजा पाडा के एक खंभा में आग लग गई । हालांकि बिजली विभाग के तत्परता से कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन लोड सेटिंग की समस्या देखी जा रही है ।घटना के संदर्भ में बताया गया कि प्रचंड गमी की वजह से बिजली की खपत बढ़ गई है ।इसका मुख्य कारण है बहुत अधिक मात्रा में ऐसी चलाई जा रही है। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि जरूर से अधिक बिजली के खंभा पर लगी बिजली के कनेक्शन में लोड पड़ रही है जिसकी वजह से ही इस प्रकार की घटना हो रही है।

## तीव्र गति से आ रही कार टकराई विद्युत खंभे से

**सीतारामपुर।** सीतारामपुर इलेक्ट्रिक ऑफिस के समीप तेज गति से आते हुए एक कार बिजली खंबे से टकरा गई जिसमें बैठे दो युवक गंभीर घायल हो गए। पुलिस दोनो युवक जिला अस्पताल में भती करवाया। जानकारी अनुसार गुरुवार की देर रात्रि करीबन 3 बजे दो युवक एक कार से तेज गति जा रहा था अचानक कार का संतुलन बिगड़ा ओर कार बिजली के खंबे से टकरा गया। टक्कर काफ़ी जोड़ की रही जिससे कार के परखच्चे निकल गए वहीं दोनो युवक बुरी तरह से घायल हो गया। नियामतपुर पुलिस ने समय ना गवाते हुए दोनो युवको को आसनसोल जिला अस्पताल में भती करवाया। मिलि जनकारी अनुसार इसमें से एक युवक रोहित झा आसनसोल पंजाब नेशनल बैंक का कमर्चारी बताया जा रहा है।

## हावड़ा-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को तकनीकी समस्या के कारण दुर्गापुर स्टेशन पर रोका गया

आसनसोल। 22347 हावड़ा – पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को आसनसोल मंडल/पूर्व रेलवे के दुर्गापुर स्टेशन पर ड्राइविंग यूनिट की विफलता के कारण आज 30.04.2024 को दुर्गापुर स्टेशन पर 17:30 बजे से अस्थायी रूप से रोका गया है। यात्रियों की सुरक्षा हमारी सवोच्च प्राथमिकता है और तकनीकी टीम तेजी से समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है। हम किसी भी असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं और आश्वस्त करते हैं कि सेवाओं को तुरंत फिर से शुरू करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। हम अपने यात्रियों के धैर्य और समझ की सराहना करते हैं। वंदे भारत ट्रेन दुर्गापुर रेलवे स्टेशन से 19:14 बजे खुली

## फैज़ ए आम के तहत राहगीरों के बीच शरबत, चना वितरण



**आसनसोल।** आसनसोल सिटी बस स्टैंड के पास तपती गमी से लोगों को राहत पंहुचाने के उदेश्य से हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी फैज़ ए आम ऑटो स्टैंड के द्वारा ठंडा शरबत वितरण कार्यक्रम किया गया। यहाँ राहगीरों के बीच ठंडा शरबत और चना बांटा गया। जहाँ गमी अपने चरम पर है लोग हल्कान और परेशान है। ऐसे में जरुरी कार्य से घर से बाहर निकलनेवालो के लिए इस तरह के सेवा मुलक कार्यों से राहत महसूस होती है। आसनसोल के हृदय स्थल एटवाल मोड के पास डेली लाखों लोगों का अवागमन होता है। यहाँ फैज़ ए आम ऑटो स्टैंड के द्वारा प्रति वर्ष इस तरह कि सेवा मुलक़ कार्य किये जाते है। उक्त बातो कि जानकारी आईएनटीटीयूसी नेता राजू अहलुवालिया ने दिया।

**AFFIDAVIT**

I, MONIKA BENERAJEE, D/O- Satya Narayan Mukherjee, Residing at Radha Nagar Road Panjabi Para , P.O. - Burnpur, P.S.- Hirapur, Dist- Paschim Bardhaman (W.B.) declare that I am extremely impressed by the teachings of Islam and have long been cherishing an idea of converting myself from Hinduism to Islam. I have decided on my own will, without being pressurized from any corner without any influence or threats to embrace Islam and thus I embraced Islam quitting Hinduism. My actual date of birth is 21/04/1975 which is recorded in my Aadhar Card being No- 859503621952 and all other documents. I am pronouncing Qulema and live with Muslim Community I am living without any pressure from any corner and thus i.e. braced Islam quitting Hinduism. I have adopted " ALIYA MOMIN" as my Muslim name in the place of MONIKA BENERAJEE . I sign and swear this affidavit on 02/05/2024 at Asansol Court.

Declarant
MONIKA BENERAJEE

## भाजपा प्रत्याशी ने नियामतपुर, चलबलपुर सीतारामपुर, धेमोमेन इलाके में किया चुनाव प्रचार




**कुल्टी।** इस तपती धूप में भी सांसद प्रत्याशीयो द्वारा चुनाव प्रचार जोर सोर से किया जा रहा है। जहां एक ओर भाजपा प्रत्याशी एस एस अलुवालिय ने कुल्टी बिधाना सभा के नियामतपुर, चलबल पूर, सीतारामपुर, धेमोमेन इलाक़े में चुनाव प्रचार किया वहीं तृणमूल प्रत्याशी शत्रुघ्न सिंहा द्वारा बराकर कुल्टी, नियामतपुर में रोड सो किया। श्री अलूवालिया द्वारा नियामतपुर देवि मन्दिर समीप से प्रचार किया गया उनके साथ कुल्टी विधायक अजय पोद्दार सहीत काफी संख्या में भाजपा कार्यारता गण उपस्थित रहे, प्रचार नियामतपुर जीटी रोड चालबल पूर, लक्ष्मण पूर, सीतारामपुर होते हुए पुराना सीतारामपुर तालपारा में दोपहर का बिसराम कर सतायसा, धेमोमेन के आस पास इलाके मे प्रचार करते हुए लोगो से वोट मांगे। वही तृणमूल प्रत्यासी शत्रुघ्न सिन्हा द्वारा बुधवार की संध्या बराकर स्टेशन के समीप से प्रचार प्रसार करते हुए बराकर बाजार होते हुए कुल्टी जीटी रोड के रास्ते नियामतपुर की ओर रवाना हुईं। मौके पर मंत्री मलय घटक, पूर्व विधायक उज्ज्वल चटजी, शिब दासन दासु ,रोबिन लाइक कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष कंचन राय इत्यादि उपस्थित रहे। प्रचार के दौरान गाजे बाजे के साथ कार्यकर्त्ता गण उपस्थित रहे। श्री सिंहा ने अपने पक्ष में वोट मांगे।

# अगर आप ठीक से राजनीति नहीं कर सकते तो जाकर गाय चराओ



**दुर्गापुर ।** दिलीप घोष के शब्दों में कहें तो गाय फिर आ गई। लेकिन इस बार दूध या सोने को लेकर कोई टिप्पणी नहीं है। बीजेपी नेता ने पाटी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग को गाय चराने की सलाह दी। बदर्वान-दुर्गापुर लोकसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार दिलीप अपना आपा खो बैठे और कार्यकर्ताओं को सरेआम डांट लगाई। उन्होंने सवाल उठाया कि कार्यकर्ता पाटी कार्यक्रम का ठीक से पालन क्यों नहीं कर रहे हैं। फटकार लगाई और कहा, राजनीति ठीक नहीं कर सकते तो गाय चराने जाओ। बुधवार को दिलीप तीथर्यात्रा पर गए थे। उसके बाद, उन्होंने चाय का चक्र समाप्त किया और दुर्गापुर में सागरभांगा हाउसिंग के माध्यम से गोलपार्क के सामने चले गए। उनके केंद्र में वोट आगे है। दिलीप ये जानने गए थे कि अभियान और कार्यक्रम ठीक चल रहा है या नहीं। उनके करीबी सूत्रों के अनुसार, बर्दवान-दुर्गापुर केंद्र के भाजपा उम्मीदवार उस क्षेत्र में पाटी कार्यक्रम के संचालन के तरीके और कार्यकर्ताओं के काम करने के तरीके से खुश नहीं हैं। कार्यक्रम ह्यसही ढंग से नहीं करने पर दिलीप अपना आपा खो बैठे। उन्होंने कार्यकर्ताओं पर गुस्सा जाहिर करते हुए कहा, ह्यआप यहां राजनीति करने आए हैं। ठीक से करो यदि नहीं, तो गाय चराने जाओ। दिलीप के बड़बड़ाने के बाद कार्यकर्ता चुप हैं। स्थानीय बीजेपी नेतृत्व सूत्रों के मुताबिक, सभी ने दिलीप से कहा है कि वे काम पर ज्यादा ध्यान देंगे. जैसा नेता चाहेंगे वैसा ही कार्यक्रम होगा। वे अधिक सक्रिय होंगे। दूसरी ओर, दिलीप ने बड़बड़ाते हुए कहा, वे बार-बार एक ही जगह प्रोग्रामिंग कर रहे हैं। मुझे अलग-अलग जगहों पर जाना पड़ता है। समय कम है। मैं अधिकतम क्षेत्र कवर करना चाहता हूं। उन्हें कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता. दबाव नहीं झेल सकते। तो क्या समन्वय की कमी है? दिलीप ने जवाब दिया, मैं इस पर गौर कर रहा हूं।

# तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न के समर्थन में अभिषेक बनर्जी की जनसभा



**रानीगंज ।** प्रचंड असहनीय गमी के बीच दोपहर के वक्त रानीगंज के सियारसोल राजबाड़ी मैदान में तृणमूल कांग्रेस की ओर से आयोजित चुनावी सभा में प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बैनजी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण चुनाव है। इस चुनाव में एक तरफ जहां बीजेपी संविधान बदलने से लेकर आम आदमी के जीवन से स्वतंत्रता छीनना चाहती है । वहीं दूसरी और ममता बनजी की योजना लखीश्री, स्वास्थ्य साथी , कन्याश्री, मुफ्त राशन को बंद करना चाहती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की गारंटी मात्र धोखा है। आसनसोल लोकसभा क्षेत्र में 7 वर्षों तक बीजेपी रही एक भी काम को नहीं थी वहीं दूसरी ओर मात्र डेढ़ वर्ष में सांसद कोटा के रकम से इस अंचल का विकास टीएमसी कांग्रेस ने किया। आज प्रधानमंत्री इस क्षेत्र में आकर चुनावी सभा में धर्म जाति के नाम पर विभाजनकारी वक्तव्य देकर भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन बंगाल की जनता सफल नहीं होने देगी बंगाल की तरह पर पूरा देश चलता है और आने वाला समय भी बंगाल निर्धारित करेगा। आज पश्चिम बंगाल के विधि व्यवस्था को लेकर प्रश्न उठा रहे हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि आज उनके उत्तर प्रदेश से लेकर भाजपा शासित राज्य का अपराधी ग्राफ देखें स्पष्ट हो जाएगा अपराधियों को बचाया जा रहा है बृजेश सिंह के बेटे को आज बीजेपी में प्रत्याशी बनाकर यह स्पष्ट कर दिया है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जैसे असफल मुख्यमंत्री नहीं हो सकता हम क्या कहेंगे या हम निश्चित करेंगे मेरे दैनिक जीवन में खान-पान रहन-सहन हमारी स्वतंत्रता है। मनरेगा के 100 दिन के एवज में केंद्र सरकार के नीति पर प्रश्न उठाते हुए कहा यह जनता का पैसा है मेहनत का श्रमिकों का पैसा है उसे देना ही पड़ेगा वहीं व्यापारियों पर जीएसटी का बोझ डालकर व्यापार को ठप कर दी गई है आम लोग परेशान हो गएहैं। इस चुनाव में पश्चिम बंगाल की अहम भूमिका होगी इसके लिए सभी को मतदान में हिस्सा लेनी होगी। इस सभा में मंत्री मलय घटक, विधायक हरे राम सिंह, तापस बनजी ,अमरनाथ चटजी ,बी दासू ,संदीप भालोटीया, टाउन अध्यक्ष रूपेश यादव ,मुजम्मिल शहजादा, देवाशीष घटक, जिला समाधिपति विश्वनाथ बावड़ी, विष्णु देव नोनिया प्रमुख उपस्थित थे। कार्यक्रम का सचालन विधायक नरेंद्र चक्रवती ने किया।

## डर्टी पॉलिटिक्स के माहौल में दुर्गापुर में दिखा राजनीतिक शिष्टाचार



**दुर्गापुर ।** आज के राजनीतिक अखाड़े में लड़ते-लड़ते लड़ाई निजी लड़ाई तक पहुंच रही है। बार-बार होने वाली बहसों में अभद्र भाषा का प्रयोग और सुखियों में बने रहना भी कई लोग अपने पक्ष में प्रचार मानते हैं। और बात जब दिलीप घोष कि हो तो उनके बेबाकी और विवादित बयान के कारण भी वो सुखियों में रहते है। ऐसे माहौल में राजनीतिक शिष्टाचार और मानवीय शिष्टाचार का एक उदाहरण दुर्गापुर शहर में देखने को मिला। दुर्गापुर के सेपको टाउनशिप निवासी भारतीय राष्टीय कांग्रेस के पश्चिम बदर्वान जिले के अध्यक्ष देवेश चक्रवती के माता जी का सोमवार को निधन हो गया। ये ख़बर सुनते ही सुबह सात बजे बदर्वान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र के गेरूआ प्रत्याशी दिलीप घोष, दुर्गापुर पश्चिम क्षेत्र के भाजपा विधायक लक्ष्मण घरुई और अन्य भाजपा नेता देवेश चक्रवती के घर आये। उन्होंने कहा इसे राजनीतिक लड़ाई ही रहने दीजिए। इस लड़ाई को नीतिगत लड़ाई तक ही सीमित रहने दीजिए। मुद्दा आधारित लड़ाई हो, लेकिन जब वह लड़ाई मर्यादा की सीमा लांघ जाती है तो राजनीति के प्रति हमारी धारणा बदल जाती है। वंही देवेस चक्रवती ने कहा मत का भेद लाख हो, मन का भेद नहीं होना चाहिए। आज मेरी माता कि ख़बर पा कर बीजेपी के प्रत्याशी दिलीप घोष आये, कल तृणमूल के जिला अध्यक्ष नरेंद्रनाथ चक्रबती आये थे। ऐसा ही होना चाहिए। हमारी यही संस्कृति थी जिसे हम खोते जा रहें है।

# पीएम मोदी ने बताया कांग्रेस और टीएमसी को लोकसभा चुनाव में मिलेंगी कितनी सीटें !

**पूर्व बर्दवान ।** पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। वृहस्पतिवार को बर्दवान के साईं मैदान में आयोजित रैली में पीएम मोदी ने कहा कि मोदी जिंदा है तो मैं इन्हें लूटने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा कि अब न ओपिनियन पोल की जरूरत है और न एिग्जट पोल की । कांग्रेस देश में 50 सीटें भी नहीं जीत जाएगी और तृणमूल कांग्रेस भी 15 सीट पर नहीं जीत सकेगी। मैंने पहला ही संसद में कहा था कि इनकी सबसे बड़ी नेता चुनाव नहीं लड़ेंगीं और वो भागकर के राजस्थान से राज्यसभा जाएंगी। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मैंने पहले ही ये भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है. ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं डरो मत. मैं भी इन्हें यही कहूंगा डरो मत, भागो मत. आज मैं एक और बात कहूंगा कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। पीएम ने कहा कि देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने नहीं, देश को बांटने के लिए चुनावी मैदान का उपयोग कर रहे हैं। धर्म के आधार पर न दिया जाए मुसलमानों को आरक्षण- पीएम मोदीप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रैली में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले 10 दिन से लगातार कांग्रेस को 3 चुनौतियां दे रहा हूं, लेकिन वो मौन होकर बैठ गए हैं. मेरी पहली चुनौती है - कांग्रेस और इंडिया गठबंधन वाले देश को लिखित में विश्वास दें कि वे धर्म के आधार पर आरक्षण में, संविधान में कोई भी बदलाव नहीं करेंगे. मेरी दूसरी चुनौती है कि ये लिखित में देश से वादा करें कि एससी/एसटी, ओबीसी का आरक्षण छीनकर धर्म के आधार पर किसी को नहीं बाटेंगे. इसके साथ ही मेरी तीसरी चुनौती ये है कि वो लिखित में दें कि जहां इनकी राज्य सरकारें हैं, वहां ओबीसी का कोटा काटकर, धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं दिया जाएगा।

### सीएमयू आईएनटीयूसी का 80वां स्थापना दिवस मनाया गया

**आसनसोल ।** आज पूरे देश के साथ-साथ आसनसोल में भी सीएमयू आईएनटीयूसी का 80वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर आसनसोल के बस्तीन बाजार स्थित संगठन के कार्यालय में एक कार्यक्र म का आयोजन किया गया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष चंडी चरण बनर्जी, कोषाध्यक्ष तरु ण गांगुली, नीलू गुप्ता सहित संगठन के तमाम सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस दौरान चंडी चरण बनर्जी ने कहा कि जब से संगठन की स्थापना हुई है। तब से इस संगठन का एक ही मकसद है कि वह श्रिमकों के हितों की रक्षा करती आई है और इस संगठन का एकमात्र उद्देश्य श्रिमक हितों को आगे बढ़ाना है।

### रांची-भागलपुर-रांची ग्रीष्मकालीन स्पेशल रद्द

**आसनसोल।** रेलवे ने 08014/08013 रांची-भागलपुर-रांची ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन की बाकी बचे आगे की यात्रा अर्थात 02.05.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरुवार की यात्रा) तक की यात्रा को रद्द करने का निर्णय लिया है, जिसे पहले अधिसूचित किया गया था। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए गहरा खेद है।

## केंद्रीय कानून मंत्री ने श्री श्याम मंदिर में लिया आशीर्वाद



**आसनसोल ।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बीते कई दिनों से पश्चिम बर्दवान जिले में सांगठनिक दायित्व निभा रहे हैं। शुक्र वार को वह आसनसोल पहुंचे। आसनसोल में उन्होंने श्री श्याम मंदिर में आशीर्वाद लिया इसके बाद मारवाड़ी युवा मंच सदस्यों से मिले। जहाँ मंच द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मंच सदस्यों के अलावा सीताराम बगिड़या, पवन गुटगुटिया मधु डुमरेवाल समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल के आसनसोल में मारवाड़ी युवा मंच के साथियों से आत्मीय भेंट हुई। मारवाड़ी समाज बंगाल के विकास और समाजिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है; समाज का प्रत्येक व्यक्ति एकजुट होकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को अपना आर्शीवाद देगा।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की बराकर शाखा की ओर से लगाया गया प्याऊ




**बराकर ।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति की बराकर शाखा द्वारा प्याऊ लगाया गया । इस संबंध में बताया जाता है कि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति सदैव सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है तथा समय-समय पर जरूरत के हिसाब से लोगों की मदद करने आगे आती है । इसी क्रम में भीषण गमी को देखते हुए प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष में बराकर रेलवे स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर के समय प्याऊ लगाया गया । जहां आने-जाने वाले रेल यात्रियों के अलावा राहगीरों तथा बाजार मे खरीददारी करने वाले लोगों को तथा दुकानदारों ओटो चालकों , टोटो चालकों को शीतल पेयजल मिल सके । इस अवसर पर संगीता अग्रवाल किरण अग्रवाल सरिता माधव गढ़िया सुनीता अग्रवाल आशा गोयल प्रवीण अग्रवाल रजनी हेमलता मंजू शोभा सहित अन्य महिला सदस्य उपस्थित थी । इस अवसर पर सदस्यों ने कहा कि यह प्याऊ लगातार जारी रहेगा तथा समय-समय पर विभिन्न तरह के अन्य ठंडे पदार्थों का विवरण किया जाएगा। इसके साथ-साथ लोगों को गुड़ एवं चना भी दिया जाएगा ।

# पांडवेश्वर : अदिति मुंशी ने खनन क्षेत्र में तृणमूल प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में किया रोड शो



**पांडवेश्वर।** आसनसोल लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में अदिति मुंशी ने गुरुवार को पांडवेश्वर व अंडाल ब्लॉक के दक्षिणखंड गांव में रोड शो किया। इस दिन पहला रोड शो पांडवेश्वर के केंद्र गांव में हुआ था। दोपहर करीब पांच बजे अदिति मुंशी ने स्थानीय छत्ता धवारा से हुड खुली कार में सवार होकर रोड शो शुरू किया। रोड शो केंद्र गांव, रामनगर कोलियरी, रामनगर गांव का दौरा किया और पांडवेश्वर एरिया ऑफिस जंक्शन पर समाप्त हुआ। उधर, अदिति देवी ने भी शाम को अंडाल प्रखंड के दक्षिणखंड गांव में रोड शो किया। रोड शो स्थानीय धमर्राजतला से शुरू हुआ। ढाक ढोल के साथ दो रोड शो में अदिति मुंशी को पाटी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ देखकर स्थानीय लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रोड शो के रास्ते में जगह-जगह स्थानीय महिलाओं ने अदिति मुंशी का पुष्प वर्षा कर और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

### श्रीहरि ग्लोबल आईआईएसडी फाउंडेशन से होगा रोजगार परक कोर्स का प्रशिक्षण

**आसनसोल।** आसनसोल के ओडीसी क्लब में श्री हरि ग्लोबल आईआईएसडी फाउंडेशन द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया । इसमें फाऊंडेशन के निदेशक डॉक्टर राहुल वर्मा और बंगाल सृष्टि के ग्रुप हेड प्रापटी मैनेजमेंट बिनय चौधरी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा बिरला ओपन माइंड्स के साथ मिलकर बेरोजगार युवाओं के लिए नव प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई है इसके तहत उन्हें विभिन्न स्किल प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाता है आसनसोल में फाउंडेशन द्वारा इसके लिए विभिन्न कोचिंग संस्थानों और अन्य संस्थाओं से समझौता कर इन कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। रोजगार परक इन कोर्सों से बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी इन कोर्स में टेलीकालर सेल सर्विस, डिजिटल मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव, फील्ड टेक्निशियन, अकाउंट एग्जीक्यूटिव, डाटा एंट्री आपरेटर, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव , रिटेल सेल्स एसोसिएट्स, इन्वेंटरी क्लर्क, फील्ड सेल्स एग्जीक्यूटिव आदि है। इसके पहले आसनसोल रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी सोमात्मानंद महाराज ने इस फ्रेंचाइजी मॉडल का उद्घाटन किया।

# हमारा संकल्प संगठन ने लिया महिलाओं-विकलांगों को सशक्तिकरण गतिविधियों में शामिल करने का निर्णय



**रानीगंज ।** हमारा संकल्प, एक अग्रणी गैर सरकारी संगठन है जो बाल शिक्षा में अपने प्रयासों के लिए जाना जाता है, ने पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में अपने 40 शिक्षा में सहयोग केंद्रों में 4,000 से अधिक छात्रों के साथ महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। संगठन ने अब महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों के लिए सशक्तिकरण गतिविधियों को शामिल करने के लिए अपने मिशन का विस्तार करने का निर्णय लिया है। भारत की आबादी में महिलाओं का आधा हिस्सा होने के बावजूद, आर्थिक विकास में उनका योगदान जैविक या वैज्ञानिक कारणों के बजाय सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कारणों से बहुत कम है। हमारा संकल्प में, हमारा मिशन महिलाओं के कौशल का निर्माण करके उन्हें रोजगार योग्य बनाना है, जिससे वे अपनी कमाई के माध्यम से अपने परिवार को आर्थिक रूप से समर्थन देने में सक्षम हो सकें। इस उद्देश्य से, हमने एचएस सशक्तिकरण मिशन की शुरुआत की, जिसमें शुरुआत में मुफ्त सिलाई कक्षाएं प्रदान की गईं। जल्द ही, हम कृत्रिम आभूषण, अगरबत्ती और सजावटी सामान बनाने का प्रशिक्षण भी शामिल करने की योजना बना रहे हैं। ये कार्यक्रम महिलाओं और विकलांग लोगों के लिए खुले हैं। हमारा संकल्प सशक्तिकरण मिशन का उद्घाटन एनजीओ के अध्यक्ष और मैथन अलॉय लिमिटेड के सीएमडी श्री सुभाष चंद्र अग्रवाल, सतीश सिन्हा , उत्पल सेन ने 3 मई, 2024 को किया था। इस कार्यक्रम में कायर्कारी अध्यक्ष श्री पवन गुटगुटिया, महिल अध्यक्ष श्रीमती मुनमुन राय उपस्थित थीं। समिति, और अन्य उल्लेखनीय अतिथि। पहले समूह में 30 महिलाएं शामिल हैं जो विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से दैनिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। श्रीमती मऊ दास, श्रीमती ज्योति बाला और श्रीमती ललिता प्रसाद कौशल विकास कार्यक्रम की देखरेख करेंगी। सभी प्रतिभागियों को एक प्रवेश पत्र, एक ग्राफिक पुस्तक और अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई। केरल के तिरुवनंतपुरम में अपनी पोस्टिंग से आए संस्थापक श्री अजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि हमारा संकल्प विकलांग महिलाओं और व्यक्तियों के लिए कई और कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है, जिसका उद्देश्य उनके आत्मविश्वास और रोजगार क्षमता को बढ़ावा देना है। आगे बढ़ते हुए, हमारा संकल्प का इरादा सभी प्रशिक्षित व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना है ताकि वे अपने घरों से पर्याप्त आय अर्जित कर सकें। कार्यक्रम में, प्रसिद्ध अंग्रेजी शिक्षक श्री इंदु भूषण झा को श्री सुभाष चंद्र अग्रवाल द्वारा एनजीओ की मानद सदस्यता से सम्मानित किया गया। श्री सुभाष अग्रवाल ने गर्व से कहा, ₹पहला कदम कौशल विकास है, और अगला कदम रोजगार सृजन होगा। श्री अजय वर्मा, श्रीमती सीता प्रसाद, श्रीमती बैजंती प्रसाद, श्री डोलन पाल, श्री बिक्रम पासवान, श्री सागर प्रसाद और अन्य लोग समारोह में उपस्थित थे और इसकी सफलता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## घर में लगी आग पर दमकल कर्मियों का काबू



**कुल्टी।** नियामतपुर फाड़ी अंतर्गत एफसीआई गोदाम समीप एक घर में अचानक आग लग गई स्थानीय लोगों और दमकल विभाग के कमियों द्वारा आग पर काबू पाया गया। बड़ी हादसा होने से बचा। स्थानीय निवासी संदीप दुकनिया ने बताया कि विक्की डोकानिया के घर में अचानक आग लग गई दुआ देखकर आसपास के लोग वहां इकट्ठा हुए और आग बुझाने का कार्य सुरू किया घटनास्थल पर नियामतपुर फाड़ी पुलिस ने पहुंचकर दमकल कमियों को सूचित किया देखते देखते आसपास के बहुत सारे लोग ने आग पर काबू पाने के लिय आग बुझाने का गेस, पानी का छीरकाव तक काबू पाया गया तभी दमकल विभाग भी वहां पहुंचकर आपको पूर्ण रूप से सन्त कर दिया। श्री डोकानिया ने बताया की इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किटके के कारण घर के दू छत्ते पर आग लगी थीं। घर के कुछ कपड़े वगैरा ही जेल विशेष नुकसान की कोई खबर नहीं है।

